Publication: Absolute India(Hindi)	Edition: Mumbai
Date: September 17, 2016	Page: 7

22 सितंबर को खुलेगा एचपीएल इलेक्ट्रिक का आईपीओ

प्रति शेयर कीमत दायरा 175 से 202 रुपये, 361 करोड़ जुटाने का लक्ष्य

मुंबई ■ एब्सल्यूट संवाददाता

उच्च गुणवत्ता के बिजली उपकरण बनानेवाली और लाभ कमानेवाली कंपनी एचपीएल इलेक्ट्रिक एंड पावर लिमिटेड कर्ज बोझ घटाने, उत्पादन सुविधाओं को आधुनिक बनाने और कार्यशील पूंजी जरूरतों की पूर्ति के लिए 22 सितंबर को पूंजी बाजार में दाखिल होगी। इस निर्गम के जरिए कंपनी 361 करोड़ रुपये से ज्यादा का वित्तीय संसाधन जुटाना चाहती है। बुक बिल्डिंग प्रक्रिया आधारित कंपनी के आईपीओ के तहत प्रत्येक शेयर के लिए 175 रुपये से 202 रुपए के बीच कीमत दायरा तय किया गया है। प्रत्येक शेयर का अंकित मूल्य 10 रुपये है। कंपनी का आईपीओ 26 सितंबर को बंद होगा। न्यूनतम 70 इक्विटी शेयर्स और इसके बाद 70 इक्विटी शेयर्स के गुणकों में बोलियां लगाई जा सकती हैं।

इशयू के बुक रनिंग लीड मैनेजर्स एसबीआई कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड, आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड हैं। कंपनी, बीआरएलएम के परामर्श से सेबी आईसीडीआर विनियमनों के अनुसार एंकर निवेशकों की भागीदार पर विचार कर सकती है। एंकर निवेशकों की बोली लगाने की तिथि बिड/इशयू खुलने की तिथि से एक दिन पूर्व होगी। निर्गम प्रक्रिया पूरी होने के बाद कंपनी के शेयर बीएसई और एनएसई में सूचीबद्ध किए जाएंगे। बाजार नियामक सेबी के नियमानुसार आईपीओ के 35 प्रतिशत शेयर रिटेल निवेशकों को जारी किए जाएंगे।